हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

04 डकाचिया फाटा-पोलाय जागीर सड़क बनी मुसीबत...



07 अटल आवासीय विद्यालय धौर्रा में दो दर्जन...





## खबर संक्षेप

### दिशा कमेटी की बैठक आज

**नलखेड़ा।** सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में आज दोपहर 1:30 बजे कार्यालय कलेक्टर, में ₹दिशा कमेटी की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इसमें किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, सांसद निधि के अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों, जल निगम एवं जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, एमपीआरडीए, एमपीआरडीसी एवं लोक निर्माण विभाग की सड़कों, जल संसाधन विभाग तथा शिक्षा विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर प्रीति यादव ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे अपने विभाग से संबंधित समस्त जानकारी पीपीटी एवं फोल्डर के साथ अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। साथ ही सभी विभागों के अधिकारियों को इस बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

### नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 19 को

**नलखेड़ा।** आगामी 19 जुलाई को नगर में निशुल्क विशाल नेत्र जांच शिविर व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन होगा। सर्वकल्याण नलखेड़ा श्री राजीव लोचन धार्मिक समिति नलखेड़ा एवं शंकरा आई सेंटर इंदौर के सौजन्य से आगामी 19 जुलाई को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर माधवकुंज जायसवाल कॉलोनी में निशुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन होगा।

### आज आगर-मालवा आएंगे मालवीय

**नलखेड़ा।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रामलाल मालवीय आज शुक्रवार को आगर-मालवा जिले के प्रवास पर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रामलाल मालवीय का आज, 17 जुलाई शुक्रवार को उज्जैन से प्रस्थान कर प्रातः 10:30 बजे सर्किट हाउस आगर-मालवा आगमन होगा। इसके पश्चात 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं एवं अनुसूचित जाति वर्ग के हितार्थ शासन द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे। दोपहर 1:00 बजे सर्किट हाउस पर जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के नागरिकों से भेंट करेंगे। इसके बाद दोपहर 3:00 बजे नलखेड़ा जाकर स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### पाटीदार धर्मशाला में नेत्र शिविर आज

**नलखेड़ा।** सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर एवं सरदार पटेल युवा संगठन गुदरावन के संयुक्त तत्वाधान में 24 वा विशाल नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का भव्य आयोजन 17 जुलाई शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लेकर उपस्थित होवे एवं इसकी अधिक से अधिक जानकारी अपने इष्ट मित्रों एवं मिलने वालों को देवे। उल्लेखनीय है कि यह 24 व नेत्र शिविर स्वर्गीय पटेल हीरालाल तेजरा की स्मृति में उनके सुपुत्र दिनेश तेजरा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिक पेंशनर संघ के जिला अध्यक्ष जयनारायण चौधरी ने बताया कि अभी तक 3479 व्यक्तियों के नेत्रों की जांच तथा 777 लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन ग्राम गुदरावन की समिति द्वारा करवा दिए गए हैं। इस शिविर में अधिक से अधिक व्यक्ति पहुंच कर अपने नेत्रों की जांच करावे तथा मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन करने हेतु आवश्यक पधारे।

## श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने सुसनेर और सोयतकलां में होल्डिंग एरिया स्थलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आगामी सिंहस्थ 2028 उज्जैन के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को समय पर सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रीति यादव ने गुरुवार को सुसनेर क्षेत्र का भ्रमण कर होल्डिंग एरिया के संभावित स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आगर-सुसनेर मुख्य मार्ग पर सुसनेर से 7 किलोमीटर पूर्व, टोल प्लाजा के समीप स्थित भूमि का अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम आंकली स्थित स्टेडियम परिसर के बाहर एवं पीछे उपलब्ध भूमि का भी सिंहस्थ के दौरान होल्डिंग एरिया बनाए जाने हेतु निरीक्षण किया। अधिकारियों से विस्तृत चर्चा के उपरांत उन्होंने इस स्थान को होल्डिंग एरिया के लिए उपयुक्त बताया।



कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं एवं वाहनों के ठहराव हेतु लगभग 1000 वाहनों की पार्किंग क्षमता के साथ होल्डिंग एरिया विकसित किया जाए। होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं के लिए बिजली, पेयजल, छाया एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंकली स्टेडियम के बाहर मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे अवैध रूप से स्थापित गुमटियों, अस्थाई होटल एवं ढाबों को तत्काल हटाने के निर्देश तहसीलदार सुसनेर को दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग के दोनों ओर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर प्रीति यादव ने सोयतकलां के डूंगरगांव, राजस्थान सीमा पर स्थित टोल प्लाजा चेकपोस्ट पर सिहस्थ के मद्देनजर श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग एरिया बनाने के लिए स्थल का मौका मुआयना किया और अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, एसडीएम देवकुंवर सोलंकी, एसडीओपी देवकरण यादव, जिला जनसंपर्क अधिकारी जगदीश चंद्र मालवीय ,थाना प्रभारी अक्षय सिंह सहित राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## अच्छी बारिश का कर रहे इंतजार

# किसान खेतों में डोरे चलाकर नष्ट कर रहे खरपतवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

तहसील क्षेत्र में खरीफ फसल की बोवनी के बाद वर्षा की खेंच लंबी हो गई है। इसी बीच किसान खेत में डोरे चलाकर खरपतवार नष्ट करने में जुट गए है। तहसील क्षेत्र में अब फसलों को अच्छी वर्षा की आवश्यकता है, यदि वर्षा की यह खेंच लंबी होती है तो फसलों को नुकसान की संभावना बढ़ जाएगी। इसी बीच किसान अपने खेतों में डोरे चलाने में व्यस्त हो गए है। वैसे अधिकांश किसान खरपतवार नाशक दवाई का उपयोग कर रहे है लेकिन वर्षा की खेंच के कारण मिले समय का सदुपयोग करते हुवे किसान खेतों में डोरे चलाने में व्यस्त हो गए है। खेत में डोरा चलाना एक पारंपरिक और आधुनिक कृषि प्रक्रिया है। इसका



मुख्य उद्देश्य फसल के बीच उगे खरपतवार अथवा घास को नष्ट करना और मिट्टी को ढीला करना है। वर्तमान समय में अधिकांश किसानों के पास बैल नही होने ट्रेक्टर से डोरे चलाते है या मोटरसाइकिल के पीछे जुगाड़ कर डोरे चला रहे है। ट्रेक्टर अथवा मोटरसाइकिल से डोरे चलाने में समय भी कम लगता है।

### भक्ति और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ रथयात्रा

**मन्दसौर।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई, संजीत मार्ग, मंदसौर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की पावन रथयात्रा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने भैया-बहिनों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा का मनमोहक स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर में सुसज्जित रथ पर भगवान की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समिति परिवार, आचार्य परिवार एवं विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। वातावरण



भगवान जगन्नाथ के जयघोष, भजन-कीर्तन एवं भक्तिमय संगीत से गुंजायमान हो उठा। रथयात्रा के उपरांत विद्यालय परिसर स्थित मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन किया गया। पूजा सम्पन्न होने के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया।

# जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप ने सांदिपनी विद्यालय परिसर में किया पोधा रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानपुरा मंदसौर

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा द्वारा पर्यावरण पखवाड़ा के तहत एक दम्पति एक व्रक्ष अभियान में 16 जुलाई को नव निर्मित शासकीय सादिपनीं विधालय परिसर में पोधा रोपण किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त कलेक्टर रोहित राणावत, तहसीलदार मुकेश निगम , थाना प्रभारी रमेश चंद दांगी व प्राचार्य सुनील तिवारी थे कार्यक्रम कि अध्यक्षता जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय चेयरमैन अनिल पुष्पा नाहर ने की इस, अवसर पर एन सी सी अधिकारी भीमसेन वधवा,जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सुधीर प्रियंका नवलखा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे ग्रुप अध्यक्ष डा प्रमिला नाहर संरक्षक डा पारस नाहर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।



इस अवसर पर विशेष रुप से 50 एन सी सी केडेट्स बालिका व बालक आकर्षक एन सी सी केडेट्स कि ड्रेस में उपस्थित थे सभी अतिथियों व जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा के सभी पदाधिकारी गणों व सभी दम्पति सदस्यों ने पोधा रोपण किया सभी पोधे छायादार, फलदार वाले लगाए गये परिसर में ग्रुप द्वारा 51 पोधे लगाएं गये पोधे लगवाने में एन सी सी केडेट्स ने विशेष सहयोग दिया मुख्य अतिथि रोहित राणावत, मुकेश निगम व रमेश चंद दांगी ने जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा के इस अभियान कि सराहना कि व सामाजिक क्षेत्र में ग्रुप के द्वारा किए जाने वाले कार्यों कि सराहना कि सादिपनीं विधालय के प्राचार्य सुनील तिवारी ने कहा कि जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप भानपुरा ने हमारे विद्यालय परिसर को इस श्रेष्ठ कार्य के लिए चुना इसके लिए हम आभारी हैं ओर विश्वास दिलाते हे कि परिसर में जो भी पोंधे लगाए उनके संरक्षण का कार्य विधालय परिवार करेगा सभी पोंधे चले इसके लिए संकल्पित है, राष्ट्रीय मार्गदर्शक सुधीर प्रियंका नवलखा ने ग्रुप कि गतिविधियों कि जानकारी दी ग्रुप अध्यक्ष डा प्रमिला नाहर ने ग्रुप द्वारा किए जाने वाले कार्यों में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के सहयोग के लिए आभार माना राष्ट्रीय चेयरमैन अनिल पुष्पा नाहर ने अपने संबोधन में कहा भानपुरा ग्रुप लगातार अपने सामाजिक, धार्मिक पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है ओर यह आगे भी जारी रहेंगे,इस अवसर पर ग्रुप संरक्षक सुभाष भण्डारी ,रजनी भण्डारी,सचिव विशाल चोरड़िया ,कपिला चोरड़िया,पुर्व अध्यक्ष हर्षवर्धन चोरड़िया,पुर्व सचिव श्रीमती अन्जु क्रीमती,पियुष कीमती,अनिल पटवा,विमल नाहर, श्वेता चोरड़िया,दिपीका गांग साथ ही दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य दीपक कोरिया,कोमल सामरिया, महावीर ठाई सहित अनेक शिक्षक गण गणमान्य नागरिक उपस्थित थे , समापन पर आभार अध्यक्ष डा प्रमिला नाहर ने व्यक्त किया।

### सभी किसान 31 जुलाई तक कराएं खरीफ फसलों का बीमा

**नलखेड़ा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ-2026 की फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। जिले के सभी ऋणी एवं अऋणी कृषकों से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं। ऋणी कृषकों का फसल बीमा सामान्यतः संबंधित बैंक द्वारा किया जाता है। यदि किसी कारणवश बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया हो, तो संबंधित कृषक तत्काल अपनी बैंक शाखा से संपर्क कर फसल बीमा करवाना सुनिश्चित करें। अऋणी कृषक तथा जिन किसानों का किसी कारण से फसल बीमा नहीं हो पाया है, वे निकटतम सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, राष्ट्रीयकृत बैंक, जन सेवा केंद्र अथवा एमपी ऑनलाइन केंद्र पर जाकर निर्धारित समय सीमा के भीतर फसल बीमा करा सकते हैं। इससे प्राकृतिक आपदा, प्रतिकूल मौसम अथवा फसल उत्पादन में कमी की स्थिति में योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। फसल बीमा के लिए आवश्यक दस्तावेजो में आधार कार्ड (मोबाइल नंबर से लिंक), भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका, बैंक खाते की पासबुक अथवा विवरण, स्व-प्रमाणित बुवाई प्रमाण पत्र अथवा पटवारी द्वारा जारी बुवाई प्रमाण पत्र तथा सिकमी पर खेती करने की स्थिति में शपथ पत्र शामिल हैं। कृषि विभाग ने जिले के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे खरीफ फसलों का बीमा समय पर कराकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ सुनिश्चित करें, ताकि प्राकृतिक आपदा अथवा प्रतिकूल मौसम से फसल को होने वाले नुकसान की स्थिति में उन्हे आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सके।

# मप्र जन अभियान परिषद स्थापना दिवस पर पौधारोपण, स्वैच्छिकता की दिलाई शपथ

**नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्थान ने किया आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर स्वैच्छिकता पर्व विकासखंड मंदसौर के डिगांवमाली सेक्टर अंतर्गत नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्थान एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रिंडा द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हाई स्कूल परिसर में जामुन गुलमोहर शिशम के पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जीवन शर्मा, गुर्जर बढ़िया मंडल अध्यक्ष भेरूलाल सेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्री सेन ने पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता का संदेश देते हुए उपस्थित सभी नागरिकों को स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश सोलंकी ने बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जन अभियान परिषद स्थापना दिवस पर 4 जुलाई से 12 अगस्त तक प्रस्फुटन ग्रामों में स्वैच्छिकता पर्व मनाया जा रहा है। इस अवधि में सेक्टर में वृक्षारोपण, स्वैच्छिकता एवं नशा मुक्ति शपथ, स्वच्छता अभियान तथा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री हीरालाल मालवीय,उपाध्यक्ष राजू राठौड़, कोषाध्यक्ष,महेंद्र सिंह सिसोदिया, ग्राम पंचायत सरपंच श्याम दास बैरागी, बिलांत्री के सरपंच पप्पू पाटीदार ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ओम पाटीदार, मुकेश पाटीदार, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से सुयेश गर्ग, विद्यालय के शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं गांव के कई नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सहभागिता और स्वैच्छिक सेवा की भावना को बड़ावा देना रहा। अभियान के अंतर्गत हाई स्कूल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

### शासकीय महाविद्यालय दलौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने ग्राम आधारी, निरधारी को लिया गोद

**दलौदा (मंदसौर )।** शासकीय महाविद्यालय दलौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा समाज सेवा एवं ग्रामीण विकास की भावना को साकार करते हुए ग्राम आधारी उर्फ निरधारी को गोद लिया गया। यह पहल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. एल. आर्य के निर्देशन में की गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गोविंद राठौर, सदस्य प्रो. सूरज सिंह राठौर एवं डॉ. रजाक मेवा फ़रोश ने ग्राम आधारी (निरधारी) पहुंचकर ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती यास्मीन जमील खां से भेंट की। इस दौरान गांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों के संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सरपंच श्रीमती यास्मीन जमील खां ने महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम को गोद लेने की पहल का स्वागत करते हुए स्वच्छता अभियान, साक्षरता अभियान, मलेरिया एवं जनस्वास्थ्य जागरूकता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण तथा विशेष शिविर के आयोजन हेतु अपनी सहमति प्रदान की। उन्होंने ग्रामवासियों की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया । महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा समय-समय पर ग्राम में स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता, नशा मुक्ति तथा सामाजिक जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों में जनजागरूकता बढ़ेगी और ग्राम के समग्र विकास में योगदान मिलेगा।

### नवोदय स्कूल में प्रवेश परीक्षा के आवेदन प्रारंभ आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**सीहोर।** श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए होने वाली चयन परीक्षा के आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। ऑनलाइन आवेदन बेवसाईट **www.navodaya.gov.in** अथवा **http://cbseitms.rcil.gov.in/nvs** के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई । पंजीयन के लिए विद्यार्थी की जन्म तारीख 01 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होनी चाहिए। इसके साथ ही किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूल से तीसरी एवं चौथी कक्षा पास तथा वर्तमान सत्र में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत होना चाहिए।

# नपाध्यक्ष गुर्जर ने नपा के जल स्त्रोतों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

आगामी समय में नगर में नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पेयजल मिले इसके लिये नगर पालिका परिषद निरंतर प्रयत्नशील है। नगरपालिका का जल प्रदाय अमला निरंतर प्रयास कर रहा है कि नपा के जल स्त्रोतों में पानी की उपलब्धता बनी रहे। कल नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने चन्द्रशेखर आजाद जलाशय (मिर्जापुरा बांध) का निरीक्षण किया और शिवना नदी के ऊपरी हिस्से से यहां लाये गये पानी की उपलब्धता को देखा। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के साथ इस अवसर पर जलकार्य सभापति निलेश जैन, जलकार्य समिति सदस्यगण सुनीता गुजरिया, कमलेश सिसौदिया, सुनीता भावसार, गोवर्धन कुमावत, पार्षद



प्रतिनिधि नंदलाल गुजरिया, राकेश भावसार एवं नपा जलप्रदाय शाखा के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

नपाध्यक्ष गुर्जर को अवगत कराया गया कि शिवना नदी के ऊपरी छोर से आजाद जलाशय की ओर पानी लाया गया है वहां से 6 मोटरे लगाकर पानी रामघाट की ओर भेजा जा रहा है। नगर पालिका का अमला 24 घण्टे प्रथम रहकर जलप्रदाय व्यवस्था के कार्य में लगा है मोटेरे लगाकर पानी को आगे की ओर लिफ्ट किया जा रहा है ताकि जलप्रदाय व्यवस्था के लिये नगर के नागरिकों को पानी मिल सके। यह उल्लेखनीय है कि पर्याप्त वर्षा नहीं होने तथा शिवना नदी के ऊपरी हिस्से में बारिश नही होने के कारण शिवना नदी में पानी की उपलब्धता कम है।

## आचार्य श्री अशोक सागर सूरिश्वर जी म.सा. ने धर्मसभा में कहा

# देव, गुरू व धर्म के प्रति श्रद्धा होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

आचार्य श्री अशोक सागर सूरिश्वर जी म.सा. का कल गुरूवार को नाकोड़ा नगर में आगमन हुआ। आचार्य श्री अशोक सागर जी म.सा. ने 4 अन्य जैन आचार्यो, जैन संतो एवं साध्वियो के साथ नाकोड़ा नगर में पहुँचकर धर्मसभा की। राजेन्द्र रिसोर्ट में उनके आगमन पर विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया। आचार्य श्री सागरचन्द्र सागर जी म.सा. ने प्रवचन में कहा कि जीवन में देव, गुरू, धर्म के प्रति श्रद्धा का होना जरूरी है। जीवन में श्रद्धा है तो सब कुछ है। एकलव्य ने अपने गुरू द्रोणाचार्य के प्रति श्रद्धा एवं धनुर्विद्या सीखी और विश्व में यश कमाया। यदि जीवन में श्रद्धा नहीं होगी तो हम उस मृग की भांति होंगे जो पानी की चाह में पूरे रेगिस्तान में दौड़ता है लेकिन उसे पानी नही मिल पाता। हमारा जीवन भी मृग की भांति नहीं होना चाहिये।



आचार्य श्री सागरचन्द्र सागर जी म.सा. ने कहा कि चातुर्मास (वर्षावास) आस्था का उत्सव है। वर्षावास में हमारी ज्ञान, तप, अनुष्ठान की साधना मजबूत हो ऐसा हमें प्रयास करना चाहिये राजा कणिक के पास सामायिक, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय नहीं था लेकिन उनकी प्रभु महावीर के प्रति अटूट श्रद्धा थी जीवन में श्रद्धा को इतनी बुलंद बनाये रखना जरूरी है जीवन में भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा होना जरूरी है हम श्रद्धा के माध्यम से ही आगे बढ़ सकते है। आपने कहा कि आर्यरक्षित जैन तीर्थ पर जो हर वर्ष चातुर्मास हो रहा है इसका नाम आर्य जागरण रखा है आर्य का मतलब जैन दर्शन में आत्मा से है अर्थात आत्म जागरण का पर्व है चातुर्मास। मैं कौन हूँ यह विचार करे मुझे स्वयं को पहचानना है यदि हम वर्षावास में यह करेंगे तो हमारा जीवन सार्थक बनेगा। वर्षावास में हमें स्वयं को जानना है स्वयं को पहचानना है यह कार्य हम प्रवचन के माध्यम से कर सकते है। जिनवाणी को श्रवण कर आत्मा को परमात्मा से जोड़ सकते है।

राग अस्थिर है उसे छोड़ो - राग अर्थात मोह कभी भी स्थिर नहीं होता है राग क्षणिक और अस्थिर प्रकृति का होता है इसलिये जीवन में कभी भी राग नहीं रखना चाहिये। जीवन में जो रिश्ते बनते है वे स्वार्थ से भरे है जब तक स्वार्थ है रिश्ते बने रहते है। स्वार्थ खत्म, रिश्ते खत्म। इसलिये जीवन में राग (मोह) मत रखो।

जगह जगह हुई गहुलियां - धर्मसभा के पूर्व नाकोड़ा नगर पहुंचने पर अशोक सागर जी म.सा. व अन्य जैन आचार्यो, साधु साध्वी मण्डल के आगमन पर गहुलियां की गयी जीवीआचार्यो संतो साध्वियो का आज खानपुरा जैन दादावाड़ी में आगमन होगा उनके प्रवचन प्रातः 9 से 10 बजे तक होंगे।

## खबर संक्षेप

### 18 को आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

**देवास।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास कपिल मेहता के मार्गदर्शन में 18 जुलाई शनिवार को जिले में धारा 138 एन.आई.एक्ट 1881 के अंतर्गत लंबित एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए पंचम जिला न्यायाधीश अभिषेक गौड़ को जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है। जिले में अब तक 459 प्रकरण उक्त लोक अदालत में रखे जाने के लिए चिन्हित किए गए है। विशेष लोक अदालत के लिए जिला मुख्यालय सहित तहसील स्तर पर खण्डपीठ का गठन किया गया है। जो भी पक्षकार धारा 138 एन.आई.एक्ट 1881 के प्रकरण में राजीनामा से निराकरण कराना चाहते हैं, वह संबंधित न्यायालय में 18 जुलाई 2026 को बनाई गई खंडपीठ में अपने प्रकरण का निराकरण करा संपर्क करें।

### खिलौने आधारित शिक्षण के लिए हुई कार्यशाला

**देवास।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा देवास शहरी परियोजना के सभाकक्ष में 'खिलौने आधारित शिक्षण' के लिए Do-It-Yourself कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बताया कि कार्यशाला मुख्य उद्देश्य कबाड़ से जुगाड़ और स्थानीय सामग्री का उपयोग करके कम लागत वाले शैक्षिक खिलौने बनाना है, जिससे पढ़ाई को खेल-खेल में रोचक और आसान बनाया जा सके। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि घर और आंगनवांडी में आसानी से मिलने वाली बेकार वस्तुओं (जैसे- गत्ता, बेकार कागज़, पुरानी लकड़ी, और बीजों) का उपयोग करके आकर्षक और उपयोगी खिलौने बनाना है। बच्चों में रचनात्मकता, तार्किक सोच और व्यावहारिक ज्ञान का विकास करना है। गणित, विज्ञान और भाषा जैसे कठिन विषयों को खिलौनों के माध्यम से सरल किया जा सकता है। खिलौना परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को भी इससे बढ़ावा मिलेगा। कार्यशाला में पर्यवेक्षक एवं विभागीय अमला उपस्थित रहा।

### 3.86 किमी जर्जर मार्ग पर हादसों का खतरा, स्कूली बच्चे सबसे ज्यादा परेशान

# डकाचिया फाटा-पोलाय जागीर सड़क बनी मुसीबत, मिनटों के सफर में लग रहे घंटों

### जल्द सड़क का सुधार कार्य नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डकाचिया फाटा से पोलाय जागीर तक करीब 3.86 किलोमीटर लंबी सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। पिछले दो वर्षों से खराब सड़क के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि पहले जहां इस मार्ग से सोनकच्छ पहुंचने में करीब 10 मिनट लगते थे, वहीं अब 30 मिनट से अधिक का समय लग रहा है। बारिश के मौसम में सड़क की स्थिति और भी बदतर हो गई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर घायल हो रहे हैं, जबकि पैदल चलने वालों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है।

#### स्कूली बच्चों पर सबसे ज्यादा असर

पूर्व सरपंच मनोहर यादव सहित दौलत सिंह यादव, अमर सिंह यादव, जगदीश प्रजापति, संजय यादव, मधु कुंभकार, मोहन मिस्त्री, कमल सिंह सेठ, माखन यादव, अर्जुन यादव, गोपाल यादव, रामचरण यादव, हिम्मत सिंह यादव, राजेंद्र पटेल, कमल सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पोलाय जागीर में शासकीय हाई स्कूल तथा बावई में हाई सेकेंडरी स्कूल होने के कारण आसपास के कई गांवों के विद्यार्थी प्रतिदिन इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। सड़क खराब होने से बच्चों का पैदल स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में ग्रामीण खेतों का काम छोड़कर बच्चों को वाहनों से स्कूल पहुंचा रहे हैं।

#### दर्जनों गांवों की जीवनरेखा

ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क डकाचिया, पोलाय जागीर, पांदा जागीर, गुराडिया, नोसराबाद, बावई, सांवेर सहित दर्जनों गांवों को सोनकच्छ तहसील मुख्यालय और इंदौर-भोपाल हाईवे से जोड़ती है। इसी मार्ग से सोनकच्छ से हाटपिपलिया जाने की दूरी भी कम होती है और समय की बचत होती है। लेकिन सड़क की बदहाली ने लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है।

#### पुलिया भी बनी खतरा

ग्रामीणों ने बताया कि डकाचिया और पोलाय जागीर के बीच नाले पर बनी पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। पुलिया के दोनों ओर रेलिंग नहीं है और बीच में भी बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे विशेषकर रात और बारिश के समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

#### क्या कहते हैं जिम्मेदार

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी संतोष मसारे ने बताया कि सड़क निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है और स्वीकृति भी मिल गई है। बारिश समाप्त होने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

#### आंदोलन की चेतावनी

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव ने कहा कि यदि जल्द सड़क का सुधार कार्य शुरू नहीं किया गया तो ग्रामीणों के साथ देवास कलेक्टर एवं सोनकच्छ एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के बाद आंदोलन किया जाएगा।

## नकली पिता के दस्तखत से 11 लाख रुपए की ठगी

### पुत्र सहित दो आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में भूमि विक्रय के नाम पर 11 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को बरोठा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने असली भूमि स्वामी के स्थान पर दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर फर्जी नोटरी कराई और खरीदार से लाखों रुपए ऐंठ लिए। मामले का खुलासा तब हुआ, जब भूमि की जाहिर सूचना प्रकाशित होने पर वास्तविक भूमि स्वामी ने आपत्ति दर्ज कराई।

फरियादी अर्जुन सिंह राठौड़ ने थाना बरोठा में शिकायत दर्ज कराई कि दलाल ईश्वर सिंह राठौड़ ने उसकी मुलाकात संजू पटेल से कराकर ग्राम बरखेड़ा कोतापाई स्थित भूमि का सौदा कराया। 3 जुलाई 2026 को देवास में भूमि विक्रय के लिए नोटरी कराई गई, जिसमें संजू पटेल ने अपने पिता एवं वास्तविक भूमि स्वामी भगवान सिंह पटेल के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को प्रस्तुत कर उसके अंगूठे के निशान लगवाकर फर्जी दस्तावेज तैयार करा लिए। सौदे के दौरान फरियादी से पहले 5 लाख नगद और बाद में 6.11 लाख लेकर कुल लगभग 11 लाख की राशि हड़प ली गई। शिकायत के आधार पर थाना बरोठा में अपराध क्रमांक 305/2026 धारा 318(4), 319(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। बरोठा थाना प्रभारी निरीक्षक सविता सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ईश्वर सिंह राठौड़ एवं संजू पटेल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से धोखाधड़ी की राशि में से नगदी भी बरामद की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सविता सिंह, उप निरीक्षक विजय सिंह बैस, प्रधान आरक्षक तेज सिंह सिन्हा, आरक्षक संजय, विकास, अजयपाल तथा सैनिक शेखर चौधरी की सराहनीय भूमिका रही।

## आयुक्त ने बैठक में बकायादारों की सूची तैयार कर कार्रवाई करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों से सख्ती से वसूली करने के निर्देश आयुक्त दलीप कुमार द्वारा निगम राजस्व वसूली की टीम को दिए गए हैं। जिन बकायादारों ने संपत्तिकर व जलकर वसुली के दौरान जमा नही किए है ऐसे बकायादारों पर कुर्की एवं जप्ती तथा नल कनेक्शन विच्छेद हेतु राजस्व अधिकारी एवं पूरी टीम को कहा गया है तथा जिनके नई पाईप लाईन से नल कनेक्शन हो चुके हैं उनके पुरानी पाईप लाईन के कनेक्शन को बन्द करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिन वार्डो से जलकर, संपत्तिकर की राशि जमा नही हो रही हैउन वार्ड क्षेत्रों को चिन्हीत कर बकायादारों के नामों की सूची तैयार कर इन बकायादारो के विरूद्ध निगम अधिनियम अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव को निर्देश दिए गए। जिन वसुलीकर्ताओं के द्वारा अपने वार्ड क्षेत्रों से दिये गये वसुली के लक्ष्य अनुसार वसुली नही की जाती है तो उन वसुलीकर्ताओं के वेतन आहरण नही करने के साथ नियमानुसार कार्रवाई करने की चेतावनी भी आयुक्त ने दी।

## कंटेनर के नीचे दबने से एक व्यक्ति की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर-बैतूल हाईवे मार्ग पर करनावद फाटे के समीप गुरुवार दोपहर को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी अनुसार नेमावर से बालू रेत भरा डंपर इंदौर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से एक कंटेनर आ रहा था , तभी करनावद फाटे के समीप डंपर का अगला टायर फट गया।

जिसके कारण वह अनियंत्रित होकर कंटेनर में टकरा गया, जिसके कारण कंटेनर भी अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान कंटेनर के पीछे एक बाइक आ रही थी, जिस पर दो व्यक्ति सवार थे, बाइक कंटेनर के नीचे दब जाने के कारण एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। हादसे में मृतक अब्दुल शमी निवासी भोपाल कि हादसे में मौत हो गई। मृतक के साथी ने बताया कि वह बागली किसी काम के लिए जा रहे थे।

सूचना मिलने पर करनावद पुलिस चौकी प्रभारी चिंतामण चौहान मौके पर पहुंचे। मौका पंचनामा बनाकर शव को शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली भेजा गया। प्रभारी चिंतामण चौहान ने बताया कि शव को शासकीय अस्पताल बागली भेजा गया है, वहीं हादसे में दोनों वाहन चालकों को भी चोट आई है।

## सांसद ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देश भर में सांसदों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र के आदर्श गांव चिडावद में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को आगे बढ़ाया।

सांसद सोलंकी ने एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। माँ और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। सोलंकी ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक पौधा केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि स्वच्छ हवा, सुरक्षित पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने आमजन से आव्हान किया की हम सभी प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल का संकल्प लें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंधल,भाजयुमो महामंत्री नीतेश पटेल, रवि पटेल, गुलाब नागदिया, निखिल पटेल, शेखर पटेल, रोहित पटेल, महेश पटेल, सतीश पटेल, विकास पटेल, सोहन पटेल, लाखन भंडारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रैन बसेरों का किया जा रहा कायाकल्प, उपायुक्त ने व्यवस्थाओं को लेकर किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्य प्रदेश शासन नगरीय आवास एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार देवास नगरीय क्षेत्र के रैन बसेरों का कायाकल्प किया जा रहा है। रैन बसेरों आश्रय स्थल के कायाकल्प के अन्तर्गत लोगों की निःशुल्क ठहरने की समुचित व्यवस्थाओं को लेकर आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम के दोनों आश्रय स्थल भोलेनाथ रोड रैन बसेरा, इटावा बस स्टेण्ड रैन बसेरा पर ठहरने वाले लोगों के लिए की जाने वाली सभी व्यवस्थाओं में नए पलंग, गद्दे, चादर एवं तकिए की व्यवस्था निगम द्वारा की गई।

साथ ही आयुक्त ने अन्य ओर दी जाने वाली सुविधाओं की व्यवस्था के लिए उपायुक्त जाकिर जाफरी को निर्देशित किया। उपायुक्त जाफरी के द्वारा भोलेनाथ रोड एवं ईटावा बस स्टेण्ड के आश्रय स्थलों में नए पलंग, गद्दे, चादर और तकिए की, की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों रैन बसेरों मे पीने के पानी एवं शौचालय, स्नानागार की व्यवस्था को भी देखा जिसमें भोलेनाथ रोड आश्रय स्थल पर पीने के पानी के वॉटर कुलर को सुधारने के साथ ही प्रतिदिन दोनों आश्रय स्थलों पर साफ सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश उपायुक्त जाफरी ने व्यवस्थापकों को दिए। उपायुक्त द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान विशाल जगताप, जितेन्द्र मेहता, राहुल यादव, किशोर जोशी, राजेश हरस व टीम उपस्थित रही।

### राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने थामा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का हाथ

# एसपी ने युवाओं को नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने किया आह्वान





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद ने जिला देवास के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों से संवाद किया। पुलिस अधीक्षक गेहलोद ने कहा कि खिलाड़ी युवाओं के आदर्श होते हैं तथा उनका जीवन अनुशासन, समर्पण एवं स्वस्थ जीवनशैली का प्रतीक है।

ऐसे में खिलाड़ियों की सहभागिता से नशामुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, खेल गतिविधियों एवं व्यक्तिगत संपर्कों के माध्यम से नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान का संदेश अधिक से अधिक युवाओं तक पहुँचाएं तथा अपने आसपास के लोगों, मित्रों, परिचितों एवं परिजनों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। संवाद के दौरान खिलाड़ियों ने अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प व्यक्त किया। देवास पुलिस द्वारा संचालित ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0₹ अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक कर स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज का निर्माण करना है।

#### संवाद में उपस्थित खिलाड़ी

- निपुण सांगते – अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी, 03 अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता।
- नैतिक जैन – राष्ट्रीय मिनी गोल्फ खिलाड़ी, 02 राष्ट्रीय पदक विजेता।
- अमरनाथ शर्मा – राष्ट्रीय मिनी गोल्फ खिलाड़ी, 01 राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता।
- दिशा रेड्डी – अंतर्राष्ट्रीय पेंचक सिलाट खिलाड़ी, 04 अंतर्राष्ट्रीय एवं 08 राष्ट्रीय पदक विजेता।
- भूमिका जैन – अंतर्राष्ट्रीय पेंचक सिलाट खिलाड़ी, 02 अंतर्राष्ट्रीय एवं 12 राष्ट्रीय पदक विजेता।
- जान्हवी सरकार – अंतर्राष्ट्रीय पेंचक सिलाट खिलाड़ी, 02 अंतर्राष्ट्रीय एवं 03 राष्ट्रीय पदक विजेता।
- जागृति योगी – राष्ट्रीय पेंचक सिलाट खिलाड़ी, 07 राष्ट्रीय पदक विजेता।

## नगर निगम ने मनाया नमस्ते दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम बैठक हाल में नमस्ते दिवस मनाया गया।

नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) के तहत बैठक हाल में सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई मित्रों के साथ कोलकाता में आयोजित केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्तर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षित, सम्मानजनक कार्य व्यवस्था प्रदान करना है। इस अवसर पर निगम उपायुक्त आरती खेडेकर द्वारा सेप्टिक टैंक की सफाई मे तैनात 74 सफाई मित्रों को पीपीई किट (सुरक्षा उपकरण) भी वितरित किए गए। साथ ही नमस्ते पोर्टल पर पंजीयन किया गया।

## खबर संक्षेप

### एपीके फाइल डाउनलोड करते ही खाते से उड़ गए 7.3 लाख

**ललितपुर**। जनपद में साइबर अपराधियों ने ठगी का नया तरीका अपनाते हुए एक व्यक्ति के बैंक खाते से 7 लाख 3 हजार रुपये उड़ा दिए। ठगों ने पीड़ित के एक परिचित के वाट्सएप नंबर से संदिग्ध एपीके फाइल भेजी। जैसे ही पीड़ित ने उसे डाउनलोड किया, साइबर अपराधियों ने मोबाइल का एक्सेस हासिल कर लिया और कुछ ही दिनों में बैंक खाते से लाखों रुपये निकाल लिए। मामले की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस थाना ललितपुर ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन रेलवे स्टेशन के पास मकान नंबर-422 निवासी महेंद्र कुमार अग्निहोत्री पुत्र स्व. भोगीराम अग्निहोत्री ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि करीब दो माह पहले उनके परिचित एडवोकेट चाली यादव के व्हाट्सएप नंबर से उनके मोबाइल पर एक एपीके फाइल प्राप्त हुई थी। परिचित का नंबर होने के कारण उन्होंने उसे सुरक्षित समझकर डाउनलोड कर लिया। आरोप है कि फाइल डाउनलोड करने के बाद साइबर ठगों ने उनके मोबाइल का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। इसके बाद 4 जुलाई से 12 जुलाई 2026 के बीच उनके सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, वर्णी जैन शाखा स्थित खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शनों के माध्यम से कुल 7,03,000 रुपये निकाल लिए गए। महेंद्र कुमार अग्निहोत्री को इस धोखाधड़ी की जानकारी तब हुई जब वह किसी कार्य से बैंक पहुंचे और अपने खाते का विवरण देखा। खाते से लाखों रुपये गायब होने पर उन्होंने तत्काल साइबर अपराध की शिकायत भारत सरकार के राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराई और बाद में 15 जुलाई 2026 को साइबर क्राइम पुलिस थाना ललितपुर में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। साइबर क्राइम पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मोबाइल नंबर, बैंक खातों और डिजिटल ट्रांजेक्शन की जांच कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। साइबर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि व्हाट्सएप, एसएमएस, ई-मेल या सोशल मीडिया पर प्राप्त किसी भी अज्ञात लिंक, एपीके फाइल या एप्लिकेशन को बिना सत्यापन डाउनलोड न करें। परिचित व्यक्ति के नंबर से आने वाले संदेश भी हैक हो सकते हैं। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

### पूजा कर लौट रही मां बेटी से मारपीट, मासूम को मारा थप्पड़

**ललितपुर**। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिरधा में पूजा कर घर लौट रही मां-बेटी के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के दो लोगों ने रास्ता रोककर मां-बेटी के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने मौके पर मौजूद ढाई वर्षीय मासूम बच्चे को भी थप्पड़ मार दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बिरधा निवासी सुधा पत्नी मुन्नालाल कुशवाहा ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि 14 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 3 बजे वह अपनी 36 वर्षीय बेटी सोनिया कुशवाहा के साथ गांव स्थित खबीस बब्बा के चबूतरे पर पूजा-अर्चना करने गई थीं। पूजा के बाद दोनों घर लौट रही थीं, तभी रास्ते में गांव के ही जानकी, पुत्र कन्छेदी लाल कुशवाहा तथा उसका बेटा सौरभ उर्फ कडोरी कुशवाहा पहले से मौजूद मिले। आरोप है कि दोनों ने बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने मां-बेटी के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि सौरभ उर्फ कडोरी ने सोनिया को घसीटा और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। मारपीट के दौरान सुधा ने बचाव का प्रयास किया तो उनके साथ भी हाथापाई की गई। उनके साथ मौजूद सुनीता, पत्नी बालकिशन कुशवाहा ने भी मदद के लिए आवाज लगाई और एक मकान का दरवाजा खटखटाया।

### भोजन करने के बाद बच्चों की अचानक तबीयत बिगड़ गई

# अटल आवासीय विद्यालय धौर्रा में दो दर्जन बच्चे बीमार पड़े, मेडिकल कॉलेज रेफर



**बच्चों ने पेट दर्द, उल्टी और घबराहट की शिकायत की, जिसके बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धौर्रा

अटल आवासीय विद्यालय धौर्रा में भोजन करने के बाद दो दर्जन से अधिक बच्चों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बच्चों ने पेट दर्द, उल्टी और घबराहट की शिकायत की, जिसके बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। प्राथमिक उपचार के बाद सभी प्रभावित बच्चों को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज ललितपुर भेजा गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद अभिभावकों में चिंता और नाराजगी देखी गई। स्थानीय लोगों ने विद्यालय में परोसे गए भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

लोगो का कहना है कि फूड पायजनिंग के चलते उनके बच्चों का स्वास्थ्य बिगड़ा है, भ्रष्टाचार का निवाला कहीं उनके बच्चों की जिंदगी न निगल जाये। घटना के संदर्भ में स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने बच्चों की हालत पर चिंता जताई है। उन्होने ने आश्वस्त किया है कि बच्चों ने जो विषाक्त भोजन खाया है, उसकी जांच करवाई जा रही है और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। विद्यालय के प्रिंसिपल की गलती भी स्पष्ट दिख रही है, उनपर भी सख्ती से कार्रवाई की जायेगी।



### टैंकर चालू कराने, हैंडपंप दुरुस्त करने की मांग

# पेयजल संकट से त्रस्त विष्णुपुरा के लोगों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर के वार्ड नंबर-2 स्थित विष्णुपुरा मोहल्ले में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या को लेकर गुरुवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपते हुए तत्काल पेयजल व्यवस्था बहाल कराने की मांग की।

दोपहर करीब एक बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने बताया कि विष्णुपुरा मोहल्ले में कई वर्षों से पेयजल का गंभीर संकट बना हुआ है। इस संबंध में मोहल्लेवासी पहले भी कई बार जल संस्थान और जिला प्रशासन को लिखित एवं मौखिक शिकायतें दे चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। गर्मी और बरसात के मौसम में भी लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि 10 जुलाई से मोहल्ले में पानी के टैंकर भेजना भी बंद कर दिया गया है, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। महिलाओं ने बताया कि उन्हें दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से मांग की कि जुलाई माह के अंत तक नियमित रूप से पानी के टैंकर भेजे जाएं, क्षेत्र के खराब पड़े हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा बिछाई जा चुकी नई पेयजल पाइपलाइन को शीघ्र चालू कराया जाए, ताकि लोगों को स्थायी रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मोहल्लेवासी आंदोलन तेज करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान धानुक बरार समाज सेवा समिति के अध्यक्ष खुशहाल के साथ राजकुमारी, अनिता, पानबाई, रजनी, जमुना, राजेश सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं एवं मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

### मदनपुर पुलिस ने कार्रवाई की

# नाबालिग से दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया

**ललितपुर**। थाना मदनपुर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), पॉक्सो एक्ट तथा एससी/एसटी एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मदनपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार थाना मदनपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 40/2026 के तहत धारा 69, 351(2), 351(3) बीएनएस, धारा 5(जे)(द्वितीय)/6 पॉक्सो एक्ट तथा धारा 3(2)(व्ही.) एससी/एसटी एक्ट में वांछित आरोपी गोविन्द घोषी पुत्र स्व.कृपाल सिंह, निवासी ग्राम बंगरिया, थाना पाली, जनपद ललितपुर (हाल निवासी ग्राम मदनपुर, थाना मदनपुर) को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को 16



जुलाई 2026 को दोपहर 1.50 बजे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई को थाना मदनपुर के थानाध्यक्ष राजपाल सिंह के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रेम बाबू, आरक्षी अजीत कुमार एवं आरक्षी हर्ष विमल शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वाले आरोपियों के खिलाफ जनपद में विशेष अभियान लगातार जारी है। ऐसे मामलों में आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

### कई वार्डों में पेयजल आपूर्ति बहाल की

# गांधीनगर, नेहरू नगर, महावीरपुरा समेत कई क्षेत्रों में रोड रेस्टोरेशन जारी

**▶▶ डीएम के निर्देश पर जल निगम की कार्रवाई तेज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी के निर्देश एवं अपर जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जल निगम (नगरीय) द्वारा शहर में पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाने और पाइपलाइन कार्यों के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों के पुर्नस्थापन (रोड रेस्टोरेशन) का कार्य तेज गति से कराया जा रहा है। जनशिकायतों के निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए विभाग ने 15 जुलाई तक विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण और पेयजल आपूर्ति बहाल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए हैं। जल निगम द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में बड़े पैमाने पर सीसी रोड रेस्टोरेशन कराया गया। इसके तहत गढ़ीनगर में 80 मीटर, नेहरू नगर में 70 मीटर, लेडय़ाि मेन रोड पर 60 मीटर, लेहरिया मेन रोड पर 50 मीटर तथा महावीरपुरा-रामनगर क्षेत्र में 80 मीटर सीसी सड़क का पुनर्स्थापन किया गया। इसके अलावा गोविंद नगर में पुलिया निर्माण कार्य के साथ 70 मीटर सीसी रोड रेस्टोरेशन तथा बिसनरी क्षेत्र में 50 मीटर सीसी सड़क निर्माण एवं पुनर्स्थापन का कार्य भी कराया गया। वहीं गांधीनगर (वार्ड-12) और जुगपुरा क्षेत्र में भी सड़क पुनर्स्थापन का कार्य तेजी से जारी है। पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिए भी विभाग ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। गांधीनगर में 110 मीटर नई पाइपलाइन बिछाई गई, जबकि लेडय़ाि पानी की टंकी से वार्ड संख्या-12 एवं 16 में जलापूर्ति पुनः शुरू कर दी गई। इसके साथ ही पुराना सागर रोड की राइजिंग लाइन की मरम्मत कर उसे चालू किया गया, जिससे क्षेत्र में पानी की आपूर्ति सामान्य हो गई। वहीं एलाइट ओवरहेड टैंक से भी नियमित जलापूर्ति बहाल कर दी गई है। जल निगम ने एलाइट क्षेत्र के चार तथा गोविंद नगर के तीन गैप प्वाइंटों पर मरम्मत एवं तकनीकी सुधार का कार्य भी पूरा किया, जिससे जल वितरण प्रणाली को और अधिक सुचारु बनाया जा सका। जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शहर में प्राप्त जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। सड़क पुर्नस्थापन, पाइपलाइन मरम्मत और पेयजल आपूर्ति से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द राहत मिल सके और बरसात के मौसम में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विभाग का कहना है कि शेष कार्य भी युद्धस्तर पर जारी हैं और जल्द ही उन्हें भी पूरा कर लिया जाएगा।

### 24 घंटे में मुख्य आरोपी दबोचा

# दुष्कर्म का वांछित आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

चलती कार में युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में वांछित मुख्य आरोपी को कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने महज 24 घंटे के भीतर पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग किए जाने के बाद आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, कोतवाली ललितपुर में दर्ज दुष्कर्म के मामले में ग्राम बमरौली सुरेन्द्र सेन पुत्र राकेश सेन वांछित चल रहा था। घटना के संबंध में पीड़िता की तहरीर पर 15 जुलाई 2026 को मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार विशेष पुलिस टीमें गठित की थीं। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र के निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी। गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी चंदेरी की ओर जाने वाले मार्ग से गुजरने वाला है। सूचना पर कोतवाली पुलिस एवं स्वाट टीम ने राजघाट बांध की नहर की पटरी स्थित मैलार रोड चौराहे के पास वाहन चेकिंग शुरू की। इसी दौरान एक बलेनो कार पुलिस को देखकर वापस मुडने लगी। पुलिस को संदेह होने पर कार का पीछा किया गया। पुलिस के अनुसार, पीछा किए जाने पर कार से उतरकर एक युवक भागने लगा। पुलिस ने उसे रुकने के लिए कहा, लेकिन उसने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से देशी तमंचे से फायर कर दिया। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में नामजद दो अन्य आरोपियों में ग्राम खड़ेरा बादल राजा पुत्र रामराजा तथा ग्राम बमरौला निवासी रविशंकर पुत्र फुलचन्द्र अहिरवार को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब मुख्य आरोपी सुरेन्द्र सेन की गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

#### यह सामान हुआ बरामद

गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक 315 बोर का अवैध देशी तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, एक बलेनो कार, एक मोबाइल फोन तथा एक शराब की बोतल बरामद की है। बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है।

# फेसबुक पर महिलाओं की फोटो पोस्ट कर की अभद्र टिप्पणी

**ललितपुर**। सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट कर अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस थाना ललितपुर ने संबंधित फेसबुक आईडी धारक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान और लोकेशन का पता लगाने में जुटी है। शहर निवासी एक महिला ने साइबर क्राइम पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक व्यक्ति उनकी तथा उनकी बहनों की तस्वीरें पोस्ट कर लगातार अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहा है। आरोप है कि जितेंद्र कुमार जैन नाम से संचालित फेसबुक आईडी से उनकी तस्वीरों का दुरुपयोग करते हुए अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। इस तरह की पोस्टों के कारण परिवार की छवि भी प्रभावित हो रही है और उन्हें मानसिक रूप से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के साथ संबंधित फेसबुक प्रोफाइल का यूआरएल और अन्य डिजिटल साक्ष्य भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं, ताकि आरोपी की सही पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। साइबर क्राइम पुलिस ने संबंधित फेसबुक आईडी धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 79 तथा आईटी की धारा 67 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

#### इनका कहना है

अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि 14 जुलाई 2026 को कोतवाली में पीड़िता की मां की तहरीर पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। अब तक की जांच में सामने आया है कि पीड़िता के मुख्य आरोपी बादल राजा से पिछले चार वर्षों से प्रेम संबंध थे और वह उसकी कार में स्वेच्छा से बैठकर गई थी। मामले में पहले ही दो आरोपी बादल राजा और रविशंकर को गिरफ्तार किया जा चुका है। बुधवार को तीसरे आरोपी सुरेन्द्र को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया, जिसके पैर में गोली लगी है और उसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध .315 बोर तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, एक बलेनो कार, एक मोबाइल फोन तथा शराब की एक बोतल बरामद हुई है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# तलाक के कागजातों पर जबरन हस्ताक्षर कराने का आरोप लगाया, केस दर्ज कराया

**ललितपुर**। शहर के आजादपुरा मोहल्ले में एक विवाहिता को जबरन तलाक के कागजातों पर हस्ताक्षर कराने का दबाव बनाने और इनकार करने पर पति, सास एवं ससुर द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा निवासी संजना रजक, पत्नी सत्यम रजक ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उसका अपने पति के साथ पारिवारिक विवाद का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता के मुताबिक 8 जुलाई 2026 को न्यायालय में पेशी के दौरान उसका पति सत्यम रजक उसे अपने साथ आजादपुरा स्थित घर ले गया। वहां पहुंचने के बाद उसने तलाक से संबंधित दस्तावेजों पर जबरन हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया। संजना का आरोप है कि जब उसने तलाक के कागजातों पर हस्ताक्षर करने से साफ इनकार कर दिया तो विवाद बढ़ गया। इसके बाद 14 जुलाई 2026 को पति सत्यम रजक, सास सरोज रजक और ससुर मनोज रजक ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज की और लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे धमकी दी कि यदि उसने घटना की शिकायत पुलिस या किसी अन्य व्यक्ति से की तो उसे जान से मार दिया जाएगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति सत्यम रजक, सास सरोज रजक एवं ससुर मनोज रजक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

### पुलिस लाइंस में किशोर न्याय अधिनियम पर कार्यशाला की

# बाल हितों के संरक्षण व संवेदनशील मामलों के गनिस्तारण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में गुरुवार को पुलिस लाइंस सभागार में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनपद के समस्त थानों में नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के दायित्वों की समीक्षा के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।




कार्यशाला की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक (एडिशनल एसपी) श्री कालू सिंह ने की। उन्होंने कहा कि बालकों से जुड़े मामलों में पुलिस की भूमिका अत्यंत संवेदनशील होती है। ऐसे मामलों में कानून के प्रावधानों का पूर्ण पालन करते हुए प्रत्येक बालक के अधिकारों और हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यशाला के दौरान किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, बाल अधिकारों की सुरक्षा, बाल संरक्षण तंत्र, संवेदनशील मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा बाल हितों को ध्यान में रखते हुए पुलिस की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को बताया गया कि बालकों से संबंधित प्रत्येक प्रकरण में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए विधिक प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जाए। एडिशनल एसपी कालू सिंह ने सभी थाना स्तर के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता, तत्परता एवं कानूनी प्रावधानों के अनुरूप करें। उन्होंने कहा कि किसी भी बालक से जुड़े मामले में लापरवाही या विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कार्यशाला में बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के अध्यक्ष, जनपद के सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बाल संरक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी अपने सुझाव साझा किए। पुलिस अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से बाल अधिकारों के संरक्षण, किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बालकों से जुड़े मामलों के संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में और अधिक मजबूती आएगी।

### आम जनता और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा

# निदान हॉस्पिटल ने सर्विस रोड पर जमाया अवैध कब्जा, सर्विस रोड बनी वाहन पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर के फोरलेन सर्विस रोड पर स्थित निदान हॉस्पिटल इन दिनों अपनी ईलाज व्यवस्था से ज्यादा अपनी मनमानी को लेकर चर्चा में है। अस्पताल प्रबंधन ने नियमों को ताक पर रखकर फोरलेन की सर्विस रोड पर सरेआम अवैध कब्जा जमा लिया है। इतना ही नहीं जनता के चलने के लिए बनी इस सड़क को हॉस्पिटल ने अपनी प्राइवेट पार्किंग में तब्दील कर दिया है। निदान अस्पताल की इस घोर लापरवाही के कारण आम जनता और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




#### जनता त्रस्त, हादसे की आशंका हर वक्त

इस अवैध पार्किंग के कारण सर्विस रोड से गुजरने वाले और स्थानीय नागरिकों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्थिति यह है कि पैदल चलना महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए मुष्किल हो रहा है, जो जान जोखिम में डालकर मुख्य मार्ग के किनारे से निकलना पड़ रहा है। जाम की स्थितिः सर्विस रोड संकरी होने के कारण आए दिन यहा ट्रैफिक जाम लग रहा है। दुर्घटना को खुला आमंत्रण व्यस्त हाईवे के किनारे इस तरह के अवैध पार्किंग से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

#### सड़क सरकारी, कब्जा 'निदान' का

अस्पताल प्रबंधन ने सर्विस रोड के एक बड़े हिस्से को इस तरह घेर लिया है जैसे वह उनकी निजी संपत्ति हो। दिनभर अस्पताल में आने वाले वाहनों को बेतरतीब तरीके से सर्विस रोड पर पार्क कराया जाता है। हॉस्पिटल में आने वाले वाहन सड़क पर अतिक्रमण बढ़ा रहे हैं।

#### प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

आश्चर्य की बात यह है कि दिन मे व्यस्त रहने वाले इस मार्ग पर प्रशासनिक अधिकारियों का भी आना-जाना लगा रहता है, लेकिन निदान हॉस्पिटल के इस खुले अतिक्रमण पर अभी तक किसी भी जिम्मेदार विभाग की नजर नहीं पड़ी है। अब देखना यह है कि ब्यावरा का प्रशासन इस खबर के बाद नींद से जागता है या निदान हॉस्पिटल की यह मनमानी यूँ ही बदस्तूर जारी रहती है।

#### इनका कहना है

आपसे जानकारी प्राप्त हुई हॉस्पिटल को नोटिस भेजते हैं कि आगे से सर्विस रोड पर गाड़ियां पार्क न कराए। अगर इसके बाद भी नहीं मानता है, तो अस्पताल के खिलाफ कार्रवाही की जाएगी।

-देवनारायण पांडे, यातायात थाना प्रभारी ब्यावरा

### अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

## पौधरोपण कर मनाया राज्यमंत्री पंवार का जन्मदिन, पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार का जन्मदिन जनसेवा और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने सिविल अस्पताल में पहुंचकर मरीजों को फल और बिस्किट बांटे और इस दौरान पौधारोपण भी कराया गया। भाजपा नेता विधायक प्रतिनिधि मोहन पंवार ने मरीजों का हालचाल जाना।



राज्यमंत्री श्री पंवार ने जन्मदिन पर सभी शुभचिंतकों से विनम्र अपील की थी कि किसी प्रकार कोई बड़ा उत्सव ना मनाए और सभी से अपील के माध्यम से आग्रह किया था कि समारोह को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक रहने का संदेश दिया। पौधारोपण के दौरान भाजपा नेता विधायक प्रतिनिधि मोहन पंवार, मंडल महामंत्री दीपक सामरे, सुमीत सोलंकी, वरिष्ठ नेता गोपाल जाटव, मंडल उपाध्यक्ष सोनू जाटव, मयूर गुप्ता, गिरिराज लववंशी, कपिल मीणा, राधे दांगी, संदीप अहिरवार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्प्रिंकलर सेट, मिनी स्प्रिंकलर व ड्रिप कृषि सिंचाई उपकरण के लिए आवेदन शुरू

### अनुदान प्राप्त करने हेतु ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कृषि विभाग की पी.डी.एम.सी. प्रेशराइज्ड सिंचाई परियोजना अन्तर्गत स्प्रिंकलर सेट, मिनी स्प्रिंकलर एवं ड्रिप कृषि सिंचाई उपकरणो पर अनुदान प्राप्त करने हेतु ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों में से लक्ष्यों के विरूद्ध ऑनलाइन लॉटरी सम्पादित की जाएगी।

पंजीयन कराने के लिए किसान का फार्मर आई.डी., आधार कार्ड, जमीन सम्बंधित दस्तावेज एवं मोबाइल नम्बर लेकर नजदीकी कामन सर्विस सेन्टर एवं ऑनलाईन कम्प्यूटर सेटर पर जाकर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। साथ ही प्राप्त सभी आवेदनो की संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जिले वार कम्प्यूटरीकृत लॉटरी दिए गए लक्ष्यो की संख्या के बराबर एवं उतनी ही संख्या में प्रतीक्षा सूची को ध्यान में रखते हुए निकाली जाएगी।

लॉटरी द्वारा चयनित कृषको को एस.एम.एस के माध्यम से चयन की सूचना भी प्राप्त होगी। यदि चयनित आवेदक अपात्र पाया जाता है, या सामग्री क्रय नहीं करता है। तो प्रतीक्षा सूची के आवेदको को उनके क्रमानुसार अवसर प्राप्त होगा। कृषक को लॉटरी द्वारा चयनित होने के उपरांत एक सप्ताह की अवधि में आवश्यक दस्तावेज (बी-1, खसरा, बैंक पासबुक, पटवारी द्वारा जारी सिंचाई स्त्रोत का प्रमाण पत्र) चयनित डीलर के माध्यम से अपलोड कर दस्तावेज सही पाये जाने पर सामग्री क्रय करने की कृषक को ऑनलाइन स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार शैलजा मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है। संघ का कहना है कि कई बार मांगें उठाने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे प्रदेश का पटवारी संवर्ग स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहा है। ज्ञापन में कैडर रिव्यू लागू कर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ देने, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा शीघ्र आयोजित कराने, पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल करने, विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेय का भुगतान कराने तथा संघ पदाधिकारियों के स्थानांतरण को स्थानांतरण नीति के अनुरूप निरस्त करने की मांग की गई है।



संघ ने यह भी मांग की है कि कर्मचारी समस्याओं के समाधान के लिए नियमित परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की जाए। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से पटवारी संघ के प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए आमंत्रित कर मांगों का शीघ्र निराकरण करने का आग्रह किया गया है। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 15 से 17 जुलाई 2026 तक प्रदेशभर के पटवारी तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक आंदोलन करेंगे। इसके बाद चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान मनीष सक्सेना,अंकित चैहान सहित पटवारी मौजूद थे।

## खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि त्योहारों एवं वैवाहिक समारोहों के दौरान दूध, मावा, मिठाई, घी, तेल, मसाले, पनीर तथा अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका काफी बढ़ जाती है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। मांग की गई कि जिलेभर में विशेष मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया जाए, खाद्य प्रतिष्ठानों एवं निर्माण इकाइयों का नियमित निरीक्षण किया जाए, संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराई जाए तथा मिलावट करने वालों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाए जिसमे मुख्य रूप से राजगढ़ ग्राहक पंचायत प्रभारी अर्जुन कुशवाह मुकेश चैधरी राजेश जायसवाल सूरज दांगी बजरंग चैहान राहुल जी महेश कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया

## श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

थावरिया स्थित जगदीश मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन बुधवार को पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कथा व्यास पंडित जय दीक्षित ने श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्व का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। समापन अवसर पर हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



#### महाआरती का भी आयोजन

गुरुवार को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली। रथयात्रा शाम को थावरिया स्थित जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ा बाजार स्थित रामकृष्ण मंदिर पहुंची। परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ एक माह तक रामकृष्ण मंदिर में विराजमान रहेंगे, जिसके बाद पुनः जगदीश मंदिर लौटेंगे। गुरुवार को दोपहर 12 बजे महाआरती का भी आयोजन किया।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण बैठक 23 को

**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम भोपाल द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए 23 जुलाई को बैठक पोस्ट आफिस के पास वृत्त कार्यालय म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. राजगढ़ में आयोजित की जाएगी। बैठक में पीडित विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों (विद्युत अधिनियम की धारा 126, धारा 135 से 139, धारा 161 एवं बकाया राशि की वसूली जहां बिल की गई राशि विवादित न हो को छोड़कर) की सुनवाई की जाएगी। विद्युत उपभोक्ताअपनी शिकायत एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित हों।

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, परिवार की तरह करें कार्यः भीलवारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और आमजन को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अस्पतालों में प्रशासनिक स्तर पर बदलाव किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सारंगपुर सिविल अस्पताल में भी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) एवं सिविल सर्जन के पद पर डॉ. के.एन. भीलवारे की पदस्थापना की गई है। उन्होंने हाल ही में आरोन से स्थानांतरित होकर अपना प्रभार ग्रहण किया। प्रभार संभालने के बाद डॉ. भीलवारे ने अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी कर्मचारी परिवार की भावना से कार्य करें और अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता या अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार, स्वच्छता, समयबद्ध सेवाएं और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करना सभी कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में अरुण दीक्षित, जगदीश दांगी सहित अस्पताल का चिकित्सकीय एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। नए बीएमओ की नियुक्ति से अस्पताल की व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

### लायंस क्लब का 47वां स्थापना व पदभार ग्रहण समारोह संपन्न

## विनय ने अध्यक्ष पद की शपथ ली, नई कार्यकारिणी बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

लायन्स क्लब सारंगपुर का 47वाँ स्थापना एवं पदभार ग्रहण समारोह मंगलवार सायंकाल राठी मांगलिक परिसर में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में वर्ष 2026-27 के लिए लायन विनय मकोड़िया ने क्लब के अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष लायन रूपेश जोशी ने की। शपथ अधिकारी के रूप में लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ळ2 के वीडीजी-2 लायन संजय सक्सेना ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन विनय मकोड़िया एवं नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।



समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका विजयलक्ष्मी दीदी, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, रीजन चेयरपर्सन सुषमा गोयल तथा जोन चेयरपर्सन मुकुल जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर लायन ओ.पी. विजयवर्गीय, राजेन्द्र पालीवाल, महेश शर्मा, प्रदीप जोशी, अतुल जोशी, दिनेश राठौर, मोहम्मद मंसूरी, विजय बरकिया, नीलेश वर्मा, अरविंद मण्डलोई,मनोज दंडवानी सहित क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा लायन्स क्लब पचोर, नरसिंहगढ़, ब्यावरा एवं खिलचीपुर के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा नगर के गणमान्य नागरिक भी समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन लायन नितिन परिहार एवं आदित्य शर्मा ने किया। अंत में लायन पीयूष राठी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## चाचा की तेहरवीं में शामिल हुए भतीजे की तालाब में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर के भूतियाबे तालाब में अपने चाचा के घाटे तेहरवीं कार्यक्रम में शामिल हुए भतीजे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मुताबिक जगदीश पिता धन्नालाल वर्मा 30 वर्ष तालाब में नहाते समय गहरे पानी चला गया और डूब गया। वहा उपस्थित लोगों ने तत्काल सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और राजस्व टीम घटना स्थल पर पहुंची और राजगढ रेस्क्यू टीम को बुलाया। जिन्होंने अपना रेस्क्यू मिशन पर काम शुरू टीम ने तीन घंटे की लगातार मेहनत के बाद युवक का शव बरामद किया।

मृतक युवक का आठ साल पहले विवाह हुआ था, जो




इस हादसे के बाद पत्नि के साथ ही ढाई और पांच साल की मासूम बालिकाओं के सर से पिता का साया उठ गया। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। मृत युवक का शव परीक्षण के बाद परिजनों को सौप दिया।